वर्षः 7- अंकः 24, मुंबई, बुधवार, 01 मार्च, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

## भ्रष्ट मनपा व पुलिस अधिकारियों के संरक्षण में

# ओपा बार एंड कैफे गुलजार





*ओपा बार एंड कैफे पर क्यूं नहीं पड़ती मुंबई पुलिस कमिश्नर दत्तात्रय और मनपा आयुक्त अजोय मेहता की नजरें?*

**कल पढ़ें**

**ओपा बार एंड कैफे का मालिक किस भ्रष्ट अधिकारी को देता है कितना हफ्ता?**

सुमबुल मदनी

**मुंबई।** मुंबई के बारों में बार बालाओं के डांस पर अदालत का फैसला तो कल आने वाला है लेकिन मुंबई के पश्चिमी उपनगर अंधेरी (पूर्व) के साकीनाका स्थित पेनिनसुला ग्रांड होटल के रुफ टॉप पर ओपा बार एंड कैफे में कानून से खिलवाड़ का नंगा नाच बेखौफ जारी है। आश्चर्य इस बात को लेकर होता है कि इस ओपा बार एंड कैफे को चलाने के लिए न तो बीएमसी ने कोई लेटर जारी किया है और न किसी प्रकार का नो ओब्जेक्शन सर्टिफिकेट। (शेष पृष्ठ 5 पर)

Opa!
BAR & CAFE




**आवश्यक सूचना**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क करें।। **(9619102478)**

# राहत इंदौरी का पाक जाने से इनकार

## मुशायरे में शामिल होन का था न्योता



**नई दिल्ली।** मशहूर शायर राहत इंदौरी ने पाकिस्तान का न्योता ठुकरा दिया है। राहत इंदौरी को एक इंटरनेशनल मुशायरे में शामिल होने का न्योता मिला था। राहत के अलावा उनके बेटे सतलज राहत ने भी पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया। हालांकि राहत इंदौरी के इनकार की वजह काफी हैरान करने वाली है। उनसे जब पाकिस्तान जाकर मुशायरे में शामिल न होने का सवाल पूछा गया तो उन्होंने कोई पुख्ता जवाब नहीं दिया। राहत ने पाकिस्तान न जाने की वजह अपनी व्यस्तता बताई।

### कराची में मुशायरा

पाकिस्तान के शहर कराची में 22 मार्च को एक मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। इस मुशायरे में शामिल होने के लिए दुनिया भर के नामचीन शायरों को न्योता भेजा गया है। इसी कड़ी में राहत इंदौरी को भी आमंत्रण भेजा गया। लेकिन उन्होंने पाकिस्तान जाने से साफ इनकार कर दिया।

# कन्हैया ने नहीं खालिद ने लगाए थे देशविरोधी नारे!



**पटना।** देशभक्त बनाम देशद्रोह, इस मुद्दे की शुरूआत 13 फरवरी 2016 को देश के नामचीन जवाहर लाल यूनिवर्सिटी से शुरू हुई। जब वहां छात्रों के एक गुट ने विवादित नारे लगाए। जेएनयू कांड को एक साल पूरा हो चुका है। इस मामले की जांच पहले स्थानीय पुलिस के पास थी। उसके बाद 28 फरवरी को जांच स्पेशल ब्रांच को दे दी गई। जेएनयू कांड की जांच के दौरान 2 कमिश्नर आए और चले गए। (शेष पृष्ठ 5 पर)


दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# 6 मार्च को 'विराट' को विदाई

**मुंबई।** करीब 30 साल देश की समुद्री-सीमाओं की रखवाली करने के बाद भारतीय नौसेना का विमान वाहक युद्धपोत, आईएनएस विराट रिटायर होने जा रहा है। 6 मार्च को मुंबई में एक पारंपरिक सैन्य समारोह में 6 मार्च को विराट को विदाई दी जाएगी। लंबे समय तक सेवा में रहने का है रिकार्ड। 12 मई 1987 को विराट भारतीय नौसेना में शामिल हुआ था। इसका ध्येय वाक्य 'जलमेव यस्य, बलमेव तस्य' था। जिसका मतलब होता है जिसका समंदर पर कब्जा है वही सबसे बलवान है। इस सूक्ति को सबसे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनाया था जिन्होंने 17वीं शताब्दी में इसे अपनी सेना के लिए इस मार्गदर्शक सिद्धांत बनाया था। दुनिया का सबसे लंबे समय तक सेवा में रहने वाला युद्धपोत होने के चलते विराट का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। समारोह में विराट पर काम कर चुके कई अधिकारी शामिल होंगे। जिनमें ब्रिटेन की नेवी के कुछ पूर्व अधिकारी भी होंगे। इस दौरान आर्मी पोस्टल सर्विस की ओर से विशेष कवर(लिफाफा) और विराट के इतिहास पर एक किताब भी जारी की जाएगी।

# बारबालाओं के डांस पर दो मार्च को होगा फैसला



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा द्वारा पारित डांस बार नियमन विधेयक में रखी गई शर्तों को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार कर ली। भारतीय बारगर्ल्स यूनियन द्वारा दायर इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 2 मार्च को सुनवाई करेगा। इस नए कानून में होटल और बार में लड़कियों और महिलाओं के नृत्य कार्यक्रम पेश करने पर कई शर्तें लगायी गई हैं। न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति मोहन एम शांतानागौडर की पीठ ने कहा-हम इस याचिका पर दो मार्च को सुनवाई करेंगे। न्यायालय पहले ही इंडियन होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन सहित कई याचिकाकताओं की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इन याचिकाओं में महाराष्ट्र के होटलों और रेस्तरां तथा बार रूम में अश्लील नृत्य निषेध करने और वहां काम करने वाली महिलाओं की गरिमा का संरक्षण कानून, 2016 के विभिन्न प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दी गयी है।

# महिला विधायक को जान से मारने की धमकी

**पुणे।** शिवसेना की महिला प्रवक्ता नीलम गोर्हे को रेप कर जान से मारने की धमकी मिली है। पिछले आठ दिनों से एक शख्स ने उन्हें मोबाइल पर मैसेजेस भेज कर धमकाना शुरू किया है। हर रोज यह शख्स उनके मोबाइल पर भद्दे मैसेज भेजता है और जान से मारने की धमकी देता है। इस बारे में पुणे पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। शिवसेना एमएलसी नीलम गोहे ने इस बारे में पुणे पुलिस कमिश्नर रश्मि शुक्ला से शिकायत की है। कमिश्नर के आदेश के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। जिस मोबाइल से नीलम गोहे को धमकी मिली है उसे ट्रेस किया जा रहा है। वहीं गोहे ने इस बारे में मुंबई पुलिस कमिश्नर से भी शिकायत की है।

# वो पूछता रहा, वे पीटते रहे...

**मुंबई।** शहर के चकाला इलाके में एक हैरान कर देने वाला मामला सामना आया है। यहां कुछ लोगों ने एक दुकानदार की सिर्फ इसलिए पिटाई कर दी क्योंकि उसने वाचमैन का पता बताने से मना कर दिया था। कुछ दिनों पहले हुई इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। जिसमें आरोपी दुकानदार की बुरी तरह से पिटाई करते नजर आ रहे हैं। पीड़ित को पता ही नहीं चला, आखिर क्यों हुई उसकी पिटाई आदित्य 23 फरवरी की रात 10:30 बजे अपनी शॉप पर अपने लैपटॉप में कुछ काम कर रहे थे। तभी सोसाइटी में रहने वाले चार लोग वहां पहुंचे और आदित्य से वाचमैन का पता पूछने लगे। आदित्य ने उन्हें बताया कि,




वाचमैन के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस बात से नाराज चारों आरोपियों ने आदित्य की शॉप को चेक करने की बात कही। जब आदित्य ने उन्हें शॉप में घुसने से रोका तो चारों ने पहले आदित्य की लात-घूसों से पिटाई की और फिर उनके कपड़े फाड़ डाले। आरोपी आदित्य को पीटते रहे और उनकी शॉप में खड़े लोग चुपचाप सब कुछ देख रहे थे। आदित्य का कहना है कि, उन्होंने मुझे पहले लात-घूसों से पीटा और फिर मुझ पर कुर्सी से हमला किया। उन्होंने मेरा लैपटॉप भी तोड़ डाला। मुझे समझ ही नहीं आया आखिर वे मुझे क्यों मार रहे हैं। मैंने उनके आगे हाथ भी जोड़े लेकिन वे नहीं माने। आदित्य संग हुई मारपीट ऑफिस में लगे कैमरे में कैद हो गई है। इसी वीडियो फुटेज के सहारे मुंबई की एमआईडीसी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। चारों को 25 फरवरी की शाम शहर के अलग-अलग इलाकों से अरेस्ट कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्होंने लोकल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 2 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस.खान द्वारा एस.आर.प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को.ऑ.हॉ.सो.बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस.वी.रोड,मालाड (प.) मुंबई से प्रकाशित RNI NO.MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478/9769659975 कार्यकारी संपादक - सी.हरीश
email: mumbaihalchal@gmail.com संपादक: दिलशाद एस.खान, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ईडी ने जाकिर को चौथी बार भेजा समन

सलीम

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विवादित धर्मप्रचारक जाकिर नाईक को चौथी बार समन भेजकर पूछताछ के लिए हाजिर रहने को कहा है। सोमवार को वकील और ईमेल के जरिए भेजे गए समन के बावजूद अगर नाईक हाजिर नहीं होता है तो ईडी उसकी गिरफ्तारी का वारंट जारी करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है। इससे पहले नाईक ने वेब लिंक के जरिए ईडी के सवालों के जवाब देने का प्रस्ताव दिया था, जिसे जांच एजेंसी ने खारिज कर दिया है। ईडी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह आखिरी बार है जब नाईक को समन भेजा जा रहा है। उसे पूछताछ के लिए ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने को कहा गया है। अगर नाईक हाजिर नहीं होता है तो ईडी अदालत से उसकी गिरफ्तारी का वारंट जारी करने की मांग करेगी। ईडी ने नाईक और उसके साथियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। ईडी अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल कानून के मुताबिक वे वीडियों लिंक के जरिए बयान नहीं दर्ज कर सकते। वहीं नाईक को डर है कि पूछताछ के लिए पेश होने पर उसे सहयोगी आमिर गजधर की तरह गिरफ्तार किया जा सकता है। माना



जा रहा है कि नाईक फिलहाल सऊदी अरब में है। नाईक उस वक्त विवादों में फंसा था जब ढाका हमले में शामिल कुछ आतंकियों के उसके भाषणों से प्रभावित होने की बात सामने आई थी। जांच के बाद नाईक के संगठन पर पांच साल की पाबंदी लगा दी गई है। साथ ही उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग समेत कई आरोपों में एफआईआर दर्ज की गई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण(एएमआरडीए) से जानना चाहा है कि वह लालबाग प्लाईओवर का निर्माण करनेवाले ठेकेदार के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगी? जबकि स्ट्रक्चरल आडिट की रिपोर्ट के बिना फ्लाइओवर का काम शुरू करने के लिए मुंबई महानगरपालिका को कड़ी फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा कि खामीपूर्ण काम के चलते महानगरपालिका काफी परेशानी झेल चुकी है। कम से कम अब गंभीरता दिखाए। हाईकोर्ट ने कहा- महानगरपालिका इस बात का ध्यान रखे की मनपा के पैसे बरबाद नहीं होने चाहिए। न्यायमूर्ति अभय ओक की खंडपीठ ने कहा कि मनपा फ्लाइओवर के मरम्मत काम को हल्के में ले रही है। इसलिए मनपा आयुक्त इस मामले को देखे और 15 दिन के भीतर जरुरी निर्णय ले।

# जॉर्डन जाने की फिराक में 2 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के एक एजेंट द्वारा डबल वीजा का जुगाड़ कर जॉर्डन भागने की फिराक में लगे 2 युवकों को पुलिस ने उड़ान भरने से पहले ही दबोच लिया। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान स्टाफ को उन पर शक हुआ और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों युवक मूल रूप से जालंधर के रहने वाले हैं। गिरफ्तार युवक प्रीत पाल (25) और किशन सिंह (25) काम की तलाश में जॉर्डन जा रहे थे, लेकिन विदेश में काम करने के लिए वीजा प्रॉसेस में लंबा वक्त लगता है, इस कारण एजेंट विजेन्द्र सिंह (30) ने दोनों युवकों को जाली वीजा बनवाकर दिए। प्राप्त जानकारी के आधार पर, दोनों आरोपियों ने एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान टूरिस्ट वीजा दिखाया। उन्हें देखकर चैकिंग कर रहे एयरपोर्ट स्टाफ को उन पर शक हुआ। इस पर स्टाफ ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस की तलाश में आरोपियों के पास से दोनों वीजा पाए गए।

# मराठा आरक्षण पर 29 मार्च को फैसला सुनाएगा कोर्ट

**मुंबई.**मराठा समुदाय को 16 फीसदी आरक्षण देने की मांग से जुड़े मुद्दे को राज्य पिछड़ा आयोग के पास सुनवाई के लिए भेजा जा सकता है। सोमवार को इस मुद्दे पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि, यदि अदालत से पहले आयोग इस मुद्दे को सुनेगा तो बेहतर होगा। क्योंकि आयोग एक विशेषज्ञ संस्था है। साथ ही आयोग के पास अदालत के तुलना में काफी समय है। लिहाजा वह सभी पहलुओं पर गहराई से विचार कर सकेगा। मुख्य न्यायाधीश मंजूला चिल्लूर व न्यायमूर्ति गिरीष कुलकर्णी की खंडपीठ ने यह बात कही। मामले से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद खंडपीठ ने कहा- याचिकाकर्ता व प्रतिवादी मामले को लेकर आयोग के पास जाने के लिए सहमत है कि नहीं। इस बात को जानने के बाद ही वे अपना फैसला देंगे। इसलिए अब 29 मार्च को यह तय होगा कि मराठा समुदाय से जुड़ा मुद्दा आयोग के पास जाएगा की नहीं। इस संबंध में बीएल सराटे,अजय पारसरकर सहित कई याचिका दायर की गई हैं। कुछ याचिकाओं में मराठा आरक्षण का समर्थन किया गया है तो कुछ में इसका विरोध किया गया है। खंडपीठ ने कहा- 4 जनवरी 2017 को राज्य पिछड़ा आयोग का गठन किया गया है। यदि यह आयोग मामले को सुनकर हमारे सामने अपनी रिपोर्ट रखता है तो यह काफी बेहतर हो सकता है। खंडपीठ ने कहा-आयोग सिर्फ यह तय करेगा कि मराठा समुदाय पिछड़े. समुदाय में आता है कि नहीं । उसे कितने प्रतिशत आरक्षण देना है। यह संवैधानिक मुद्दा है। इसलिए यह अदालत तय करेगी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा- सरकार ने पिछले दिनों मामले को लेकर 2361 पन्नों का हलफनामा दायर किया था। इस हलफनामे में कई आंकड़े दिए गए हैं। इसका मूल्यांकन करने का अवसर आयोग को नहीं मिला है।

**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां) विभाग,**
**प्रशासकीय इमारत, १ ला मजला,**
**भवन्स कॉलेज जवळ, दादाभाई रोड, अंधेरी (प.), मुंबई-४०००५८.**
E-mail-northmumbai.ee@mahapwd.com
**दुरध्वनी क्रमांक. ०२२-२६२३१९६४ फॅक्स - २६२०५७८८**

ई-निविदा सुचना क्र.३३ सन २०१६-२०१७

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, मुंबई (दुरध्वनी क्रमांक-०२२-२६२३१९६४) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडे योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून 'ब-१' नमुन्यातील ई-निविदा मागवित आहोत. निविदा कागदपत्र संकेतस्थळ http://maharashtra.etenders.in येथुन डाऊनलोड करण्यांत यावी. **कामाचे नाव:-मुळ गौण कामांतर्गत राज्य राखीव बल गट क्र.८, गोरेगांव मुंबई येथील कंपनी कार्यालय ए ते एच व एफ.आर कार्यालय, स्टोर रुम, प्रशासकिय कार्यालया बांधणे व शेड उभारणे तसेच वॉयरलेस सेक्शन येथ जवानांना विश्रांतीसाठी शेड बांधणे. ईस्माईल युसुफ महाविद्यालय जोगेश्वरी(पूर्व) येथील प्रिन्सिपल बंगल्या भोवती तारंचे कुंपन बांधणे. जी.एस कॉलनी बांद्रा येथे कॉलम बीम व आभासी छताची दुरुस्ती करणे प्रशासकीय इमारतीमध्ये प्रसाधनगृहाचे नूतनीकरण करणे, १२८, १५६ पोलीस निवासस्थाने ए पी.टी. आय व आय.टी.आय कांदिवली येथील दरवाजे/खिडकयांची दुरुस्ती व इतर स्थापत्य कामे करणे, गिलावा व रंगकाम करणे बोरीवली, दहिसर व ७२ पोलीस हवालदार निवासस्थाने बोरीवली.पी.टी.एस.मरोळ येथे नुतनीकरणाची कामे करणे. (एकूण १७ कामे)**

| | | |
|---|---|---|
| १ | निविदा डाऊनलोड करण्याचा दिनांक | २७/०२/२०१७ रोजी वेळ १८.०१ ते १३/०३/२०१७ रोजी १५.०० वा |
| २ | निविदा तयार करण्याचा दिनांक | २७/०२/२०१७ रोजी वेळ १८.०१ ते १३/०३/२०१७ रोजी २३.०० वा |
| ४ | निविदा बंद करण्याचा दिनांक | १३/०३/२०१७ रोजी (२३.०१) ते १४/०३/२०१७ रोजी वेळ (१५.००) |
| ५ | हॅश सबमिशन/कंट्रोल ऑफ ट्रांन्सफर दिनांक | १४/०३/२०१७ रोजी वेळ १५.०१ ते १५/०३/२०१७ रोजी १४.०० |
| ६ | निविदा उघडण्याचा दिनांक | १५/०३/२०१७ रोजी वेळ १५.०० ते दिनांक १७/०३/२०१७ रोजी वेळ १७.३० वाजेपर्यत |

**हया निविदेवरील संपूर्ण माहिती खालील प्रमाणे संकेतस्थळावर उपलब्ध करुन देण्यात आलेली आहे.**

**1.https/maharashtra.etenders.in**
**2.www.mahapwd.com**
३. कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, अंधेरी मुंबई कार्यालयातील सुचना फलक
४. इतर अटी व शर्ती ई निविदा नमुन्यामध्ये पाहावयास मिळतील. सदर कामाची ई निविदा कोणतेही कारण न देता रद् करण्याचे अधिकार सक्षम अधिकारी यांनी राखून ठेवलेले आहेत.

जा.क्र.काअ/उमुंवि/लेखा/निविदा/१७४०
दिनांक २३/२/१७

सही/-

कार्यकारी अभियंता,
उत्तर मुंबई (सा.बां) विभाग,
अंधेरी, मुंबई-५८.

डी.जी.आय.पी.आर २०१६/२०१७/५१८५

## हमारी बात

# बजट और सात निश्चय

अगले वित्तीय वर्ष का बजट राज्य के विकास को गति देने के लिए सात निश्चय की योजनाओं पर केंद्रीत है। जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था राज्य सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास पर ज्यादा जोर दिया है। पुरुष वर्ग हो या महिलाएं, उन्हें प्रशिक्षित कर स्वावलंबी बनाने के उपाय किए गए हैं। ग्रार्मीण विकास पर संतुलन साधते हुए बजट में पंचायतों को और सशक्त बनाने की कवायद दिखती है। यही वजह है कि पंचायतों के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया गया है। गांवों में शुद्ध पेयजल, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दिया गया है। विशेषकर वैसे गांव जो प्रदूषित जल पीने को अभिशप्त हैं, ऐसे सौ से भी अधिक गांवों में पानी को स्वच्छ करने के प्लांट लगाने के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। पूर्ण शराबबंदी से आए सामाजिक बदलाव और अपराध में कमी पर भी बजट में जानकारी दी गई है। बताया गया है कि शराबबंदी लागू होने के बाद दलित उत्पीडन में 14.8 फीसद की कमी आई है। इसी तरह हत्या, दुष्कर्म और महिला उत्पीडन के आंकड़ों में गिरावट आई है। युवा पीढ़ी के विकास पर बल देते हुए छह लाख युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के युवक-युवतियों को भी रोजगार से जोडने के लिए टेलड्रूषरग के प्रशिक्षण के उपाय किए गए हैं। पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग के 89 लाख छात्र-छात्राओं के वजीफे का लक्ष्य रखा गया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकारी नौकरियों में पैंतीस फीसद आरक्षण के साथ-साथ बीस लाख किशोरियों को सशक्तीकरण के कार्यक्रम से जोड़ते हुए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है। इस बार शिक्षा के बजट में तीन हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रावधान किए गए हैं। नदियों के तटबंधों के निर्माण और उसके मजबूतीकरण के लिए विशेष योजना बनाई गई है। यह राज्य बाढ़ जैसी आपदा का कोप झेलता रहा है। सिंचाई की समस्या भी बड़े पैमाने पर है, इस कारण स्थापना मद में अच्छी खासी रकम का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से इससे किसानों को फायदा मिलेगा। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी चिंता की गई है। कहा गया है कि सड़कों की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रक्रिया की अनिवार्यता को सख्ती से लागू किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण पर जोर दिया गया है। कुल मिलाकर देखें तो इस बजट में वे सारे अवयव अपना स्थान बनाए हुए हैं, जिनका क्रियान्वयन सात निश्चय के तहत हो रहा है। हालांकि यह भी गौर करने लायक है कि नए वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य विभाग के बजट में तुलनात्मक रूप से कम राशि का प्रावधान किया गया है।

## सुविचार

**किसी भी चीज का पछतावा ना करे.**
**अगर वो अच्छा है तो, बेहतरीन है,**
**अगर वो बुरा है तो, अनुभव है.**

# प्रतिरोध की नई संस्कृति

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में छात्रों के दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने जेएनयू के उस घटनाक्रम की याद दिला दी जिसमें भारत तेरे टुकड़े होंगे के नारे लगे थे और अफजल के कातिलों के जिंदा होने पर शर्मिंदगी व्यक्त की गई थी। जेएनयू के उस घटनाक्रम के दो अहम किरदार थे उमर खालिद और कन्हैया कुमार। बीते सप्ताह रामजस कालेज के शिक्षकों ने प्रतिरोध की संस्कृति विषय पर सेमिनार के लिए वक्ताओं का चयन करते समय उमर खालिद को बेहतर पाया।

तर्क यह दिया गया कि इस विषय पर वक्तव्य देने के लिए उसका चयन इसलिए किया गया है, क्योंकि उसकी पीएचडी का विषय आदिवासियों पर केंद्रित है। यह विवाद को निमंत्रण देने की कोशिश के अलावा और कुछ नहीं कि प्रतिरोध की संस्कृति पर विमर्श के लिए उमर खालिद का चयन किया जाए और वह भी यह जानते हुए कि उस पर राष्ट्रद्रोह का आरोप है। निःसंदेह ऐसा भी नहीं है कि उमर खालिद ने अपनी पीएचडी पूरी कर ली हो और उसके शोध को उत्कृष्ट पाया गया हो। उमर खालिद का विरोध होना स्वाभाविक था और वह हुआ भी। इस विरोध के औचित्य को आधारहीन साबित करने के लिए यह प्रचारित किया गया कि आपत्ति के बाद उमर खालिद के आमंत्रण को रद कर दिया गया था, लेकिन यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि विरोध के बावजूद उमर खालिद को मंच उपलब्ध कराने की तैयारी थी।

इसी कारण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य आक्रामक थे। यह संभव है कि यह आक्रामकता अराजकता में तब्दील हुई हो, लेकिन इसके जवाब में देश विरोधी नारेबाजी को घोर अराजकता के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता। विडंबना यह है कि यह कोई नहीं पूछ रहा कि वामपंथी छात्र संगठनों ने उमर खालिद के विरोध का जवाब देश विरोधी नारों से देना क्यों जरूरी समझा? यदि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विरोध अराजकता में तब्दील हुआ तो यही काम वामपंथी छात्र संगठनों ने भी किया। दोनों की भिड़ंत में किसी एक पक्ष को स्याह और दूसरे को सफेद रूप में देखना मुश्किल है, लेकिन ऐसा ही अधिक किया जा रहा है।

जेएनयू में कश्मीर के साथ मणिपुर की आजादी के नारे लगे थे तो रामजस कालेज में कश्मीर के साथ बस्तर की भी आजादी के नारे लगे। क्या उमर खालिद ने आदिवासियों पर शोध करते हुए यही पाया है कि बस्तर के लोग आजादी चाह रहे हैं? किसी के लिए यह समझना मुश्किल है कि प्रतिरोध की यह कौन सी संस्कृति है जिसमें कश्मीर और बस्तर की आजादी के नारे लगाए बगैर बात पूरी नहीं होती। यह सही है कि आरोप साबित न होने तक हर शख्स बेगुनाह है और राष्ट्रद्रोह के आरोपी को भी अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन किसी को इस मुगालते में भी नहीं रहना चाहिए कि ऐसे शख्स का विरोध नहीं होगा। रामजस कालेज के जिन शिक्षकों ने उमर खालिद को वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया वे या तो मुगालते में थे या फिर हवा का रुख भांपने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें यह अच्छे से पता होना चाहिए था कि उमर खालिद को महिमामंडित करने का विरोध होगा।

प्रतिरोध की संस्कृति विषय पर उमर खालिद को बतौर वक्ता आमंत्रित करना वैसी ही हरकत है जैसे कोई राजनीतिक संवाद की संस्कृति विषय पर आजम खान या साक्षी महाराज को अध्यक्षीय भाषण के लिए बुलाए। दुर्भाग्य से अब ऐसा ही होने लगा है। सभाओं-संगोष्ठी और साहित्य उत्सवों में विवादास्पद व्यक्तियों को मेहमान बनाने का चलन जोर पकड़ रहा है। कन्हैया कुमार ऐसे आयोजनों का एक स्थाई चेहरा बन गया है। हैरत नहीं कि उमर खालिद को भी ऐसा ही चेहरा बनाने की कोशिश के तहत रामजस कॉलेज के शिक्षकों ने बतौर वक्ता उसका चयन किया हो। दोनों की विद्वता का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि कन्हैया की समझ यह कहती है कि 1984 के दंगे गुजरात के दंगों से कम संगीन थे और उमर खालिद का यह मानना है कि भला सुप्रीम कोर्ट के जज कौन होते हैं अफजल को दोषी ठहराने वाले? ऐसे युवा विद्वानों की पौध को किस तरह खाद-पानी दिया जा रहा है, इसका सटीक उदाहरण दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा गुरमेहर कौर हैं। सीताराम येचुरी और अरविंद केजरीवाल सरीखे नेताओं और वामपंथी छात्र संगठनों के साथ-साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विरोध में खड़े अन्य लोग इन दिनों गुरमेहर कौर से उसी तरह गर्वित हैं जैसे एक समय वे कन्हैया कुमार से थे। गुरमेहर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उनका गुणगान इस कारण हो रहा है, क्योंकि अपनी वायरल हुई फेसबुक पोस्ट में वह यह कह रही हैं कि उन्हें एबीवीपी से डर नहीं और देश के सारे छात्र उनके साथ हैं। निःसंदेह बहुत से छात्र एबीवीपी से सहमत नहीं होंगे-ठीक वैसे ही जैसे तमाम छात्रों को वामपंथी छात्र संगठन रास नहीं आ रहे, लेकिन यह मानने का कोई तुक नहीं कि रामजस कालेज की घटना के कारण देश के सभी छात्र एबीवीपी के खिलाफ हो गए हैं, जैसा कि गुरमेहर ने इंगित किया है। गुरमेहर की एक पहचान यह भी है कि वह कारगिल शहीद सैनिक की बेटी है। वह इसके पहले तब चर्चा में आई थीं जब उन्होंने इस आशय का संदेश पोस्ट किया था कि उनके पिता को पाकिस्तान ने नहीं, युद्ध ने मारा था। शहीद सैनिक की बेटी होने के नाते वह सम्मान की पात्र हैं,लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं हो सकता कि उनकी आधारहीन बातों को स्वीकार कर लिया जाए। वह कारगिल युद्ध में शहीद अपने पिता को लेकर वैसी ही बात कर रही हैं जैसे कोई यह कहे कि अमुक सांप के काटने से नहीं, जहर से मरा या फिर लोग नदी में नहीं, पानी में डूबने से मरते हैं। कोई शहीद की बेटी है तो इसका मतलब नहीं हो सकता कि यदि वह पाकिस्तान को दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश बताने लगे तो उसे सही मान लिया जाए। क्रिकेटर वीरेंद्र सेहवाग ने गुरमेहर को यह सही जवाब दिया कि दो तिहरे शतक उन्होंने नहीं, उनके बैट ने लगाए थे। जैसे हर चमकती चीज सोना नहीं होती वैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली प्रत्येक सामग्री सच्चाई का वाहक नहीं होती.


# दक्षता की परख का तरीका

**सरकार** ने नेशनल टेस्टिंग सर्विस स्थापित करने का निर्णय लिया है। फिलहाल छात्र दो संकटों से जूझ रहे हैं। पहला संकट विभिन्न विश्वविद्यालयों और राज्य शिक्षा बोर्डों द्वारा दिए जाने वाले प्रमाणपत्रों की विश्वसनीयता से जुड़ा है। एक छात्र किसी विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करता है। वहीं एक अन्य छात्र दूसरे विश्वविद्यालय से 80 प्रतिशत अंक हासिल करता है। चूंकि प्रश्न पत्र आसान है या फिर नकल की सुविधा है ऐसे में लचर विश्वविद्यालय के अच्छे छात्र की तरक्की के रास्ते बंद हो जाते हैं, क्योंकि बाजार में उसकी डिग्री की विश्वसनीयता नहीं रह पाती। दूसरा संकट निजी विश्वविद्यालयों का है जहां शिक्षा का स्तर खराब होने से डिग्री भी घटिया दी जाती है जबकि छात्रों से ये भारी शुल्क वसूलते हैं। साथ ही छात्रों को इन विश्वविद्यालयों द्वारा दी जा रही डिग्रियों की सत्यता का भी भान नहीं होता। वह दाखिला ले लेता है और पास भी हो जाता है, लेकिन प्लेसमेंट यानी नौकरी हासिल करने में नाकाम रहता है। इन दोनों संकटों का समाधान नेशनल टेस्टिंग सर्विस के माध्यम से निकल सकता है। इस संस्था द्वारा पूरे देश में एक ही स्तर की परीक्षा ली जाएगी। देश के सभी विश्वविद्यालयों के स्नातक इस परीक्षा में भाग ले सकेंगे। मेरे एक जानकार ने कानपुर विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री हासिल की। उन्होंने मन बनाया कि आगे की पढ़ाई के लिए वे अमेरिका जाएंगे, मगर अमेरिकी विश्वविद्यालय के लिए उस डिग्री का आकलन करना कठिन था।

लिहाजा उन्हें अमेरिका में एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस की परीक्षा में बैठने के लिए कहा गया। इसमें उत्तीर्ण होने के बाद ही वह अमेरिकी विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सके। ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि अमेरिकी विश्वविद्यालय को अपनी परीक्षा की गुणवत्ता पर भरोसा था। भारत में भी इसे अपनाया जा सकता है ताकि विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र एक ही परीक्षा के माध्यम से अपनी क्षमताओं का प्रमाणपत्र ले सकें। किसी निजी विश्वविद्यालय में दाखिले की तैयारी का उत्सुक छात्र देख सकेगा कि उक्त परीक्षा में विश्वविद्यालय ने कैसा प्रदर्शन किया? ऐसे में वह विश्वविद्यालय के दावों से भ्रमित नहीं होगा। शिक्षा के बढ़ते निजीकरण से हो रही गड़बड़ियों से इस पर अंकुश लगेगा, मगर इस एकल परीक्षा में भी दूसरे संकट विद्यमान हैं। प्रस्तावित नेशनल टेस्टिंग सर्विस का ढांचा भी अमेरिका की एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस की तर्ज पर ही बनाने की योजना है। अमेरिका के वेस्ट वर्जिनिया विश्वविद्यालय ने एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस के बारे में कहा है, मौजूदा निष्प्रभावी सत्यापन व्यवस्था के कारण शैक्षिक खर्च बढ़ गए हैं और आविष्कार दब गए हैं। शोधकताओं का कहना है कि समूची शिक्षा व्यवस्था का पूरा ध्यान एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना रह गया है। शिक्षा में नई सोच एवं लचीलेपन का अभाव हो गया है। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में हर साल छात्रों द्वारा संस्थान को एक मांग पत्र दिया जाता है। छात्रों की प्रमुख मांग थी कि परीक्षा संस्कृति को ही समाप्त किया जाए, क्योंकि इससे स्वतंत्र चिंतन बाधित हो रहा है। मेरे आकलन में यह समस्या उच्च शिक्षण संस्थाओं में ज्यादा प्रभावी है। सामान्य छात्र के लिए स्वतंत्र चिंतन से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि उसकी शिक्षा और क्षमता का सच्चा प्रमाणीकरण हो। उच्च श्रेणी के छात्रों के लिये संभव होना चाहिए कि परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ वे स्वतंत्र चिंतन को तरजीह दें।

# 15 साल की लड़की की बाल्टी से पीटकर हत्या

**मुंबई।** शहर के गोरेगांव इलाके में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 15 साल की लड़की को सिर्फ इसलिए पीट-पीट कर मार डाला गया, क्योंकि वह उस रास्ते से गुजर गई, जिसे आरोपी साफ कर रहा था। लड़की के परिवार वालों की शिकायत पर इस मामले में तीन लोगों को अरेस्ट कर लिया गया है। बाल्टी से किया हमला.गोरेगांव पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार सुबह 9-10 बजे के बीच की है। उस वक्त 11इँ क्लास की स्टूडेंट मेघना अगवने ट्यूशन क्लास से लौट रही थी। रास्ते में उसका पड़ोसी सफाई कर रहा था। उसने मेघना से उस रास्ते से न जाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं मानी और रास्ता काटकर आगे बढ़ गई।यह बात पड़ोसी को इतनी नागवार गुजरी कि, उसने बाल्टी से मेघना के पैर पर हमला कर दिया। इससे मेघना गिर गई। मेघना ने



ये सारी कहानी अपने घर पर बताई। उसके परिवार वालों ने गोरेगांव थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। मेघना के परिवार वालों का आरोप है कि पुलिस ने सिर्फ उनकी तसल्ली के लिए शिकायत दर्ज कर ली थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इसका नतीजा यह हुआ कि सोमवार शाम 10-12 की संख्या में पड़ोसी मेघना के घर पहुंचे और उन्होंने मिलकर लात, घूसों और बाल्टी से मेघना की पिटाई कर दी। इस हमले में मेघना गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया। देर रात उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मेघना की बहन पूजा का आरोप है कि, पुलिस अगर सुबह ही शिकायत पर एक्शन ले लेती तो आज उनकी बहन जिंदा होती। गोरेगांव पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 304,143, 147, 148, 149, 323 के तहत मामला दर्ज किया है। अभी तक इस मामले में 3 लोगों को अरेस्ट किया गया है। बाकी आरोपी फरार हैं

## गे सेक्स पार्टी में हो गया खून खराबा

**मुंबई।** गे सेक्स इंजॉय करने के इरादे से ठाणे निवासी एक शख्स ने दो यंगस्टर्स को अपने घर बुलाया। आरोप है कि घर पहुंचे युवाओं ने चाकू घोंपकर व्यक्ति की हत्या का प्रयास किया और उसके घर में लूटपाट करके फरार हो गए। घायल का ठाणे के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस लूट की घटना के तौर पर मामले की जांच कर रही है।

घटना की रिपोर्ट चितलसर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। सूत्रों के मुताबिक हादसा 24 फरवरी को हुआ। जब घोडबंदर एरिया में रहने वाले 29 वर्षीय व्यक्ति के मन में सेम सेक्स इजॉय करने का ख्याल आया। बतौर प्लास्टिक गुड्स डीलर काम करने वाले इस शख्स ने अपनी इच्छापूर्ति के लिए दो युवाओं को अपने घर बुलाया।

## ट्रैफिक पुलिस उलझेगी नहीं, चालान घर भेज देगी

**मुंबई।** अगर आप ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं तो आपसे ट्रैफिक पुलिस जुमार्नें की राशि का भुगतान कैश में नहीं, बल्कि क्रेडिट या डेबिट कार्ड के जरिए वसूल करते हैं। यह खास इंतजाम 12 जनवरी से लागू हो चुका है। इसके लिए ई-चालान की 1 हजार से अधिक मशीनें ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दे दी गई हैं। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इस नई व्यवस्था से न सिर्फ भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा बल्कि बार-बार नियम तोड़ने वालों की भी पहचान की जा सकेगी।

## अरबपति की ये बेटी बनी सिंगर, वायरल हुए वीडियों को देख चुके 51 लाख लोग

**मुंबई।** देश के अरबपतियों की बेटियां कारोबार में नाम कमाने के साथ अपने अनूठे शौक के लिए भी फेमस हैं। बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी अनन्या इन दिनों अपने म्यूजिक के शौक को पूरा कर रही हैं। उनके डेब्यू वीडियो को ही करीब 5,172,515 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा। परफॉर्मेंस देखने पहुंची ऋतिक रोशन से लेकर कई बॉलीवुड स्टार--अनन्या बिड़ला ने हाल ही में मुंबई के एक इवेंट में सिंगिंग परफॉर्मेंस दी। इस दौरान ऋतिक रोशन, सूरज पंचोली, डिनो मोरिया, सोहेल खान, विदू विनोद चोपड़ा और राहुल बोस जैसे सितारे मौजूद रहे। 22 साल की अनन्या ने महज 17 साल की उम्र में अपने माता-पिता के नाम का सहारा लिए बिना अपने पैरों पर खड़े होने का फैसला किया और अपनी खुद की माइक्रोफाइनेंस कंपनी स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस शुरू की।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### ओपा बार एंड कैफे...

जबकि इस ओपा बार के पास पुलिस की आवाजाही लगातार जारी रहती है लेकिन मानों जैसे उसे मालूम ही नहीं है कि पेनिनसुला ग्रांड होटल की खुली छत पर ओपा बार एंड कैफे भी चल रहा है। पुलिस की यह गैर जिम्मेदाराना अंदाज बार मालिक और संचालकों के बीच जरुर ही सांठगांठ है और वह नियमित रूप से हफ्ता खाकर अवैध ओपा बार को चलाने की अनुमति दे रखी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओपा बार एंड कैफे में मुंबई शहर के कई क्षेत्रों से लड़के-लड़कियां आती है जो यहां शराब के घूंट और हुक्के का कस लेकर नशे में चूर हो सुबह के पांच बजे तक थिरकते रहते हैं। कानून की आंखों में धूल झोंककर चलाए जा रहे इस ओपा बार एंड कैफे को पुलिस और मनपा के भ्रष्ट अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है और उन्हीं के इशारे पर ओपा बार एंड कैफे में रात भर शराब के जाम छलकते हैं, हुक्कों कस लिए जाते हैं, सभी ग्राहक चाहे वह मर्द हो या औरत नशे में सारी रात छमा चौकड़ी करते हैं। लेकिन हमारे मनपा आयुक्त अजोय मेहता और मुंबई पुलिस कमिश्नर दत्तात्रय मडसिलगिकर को इन सबकी खबर नहीं। मुंबई को स्वच्छ बनाने क्या इन्हें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास नहीं, ऐसा सवाल मुंबईकरों में थाया हुआ है। क्या मनपा आयुक्त और मुंबई पुलिस कमिश्नर इस अवैध ओपा बार एंड कैफे को कब अपने निगरानी में लेंगे सब इसकी प्रतीक्षा में हैं।

### कन्हैया ने नहीं खालिद...

अब तीसरे कमिश्नर भी आ चुके हैं। लेकिन अब तक मामले में दिल्ली पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल नहीं की। या यूं कहें मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।दिल्ली यूनिवर्सिटी में देशभक्त बनाम देशद्रोही का मसला एक बार फिर उठा है। इस बार रामजस कॉलेज से शुरू हुई छात्र राजनीति और बवाल के बहाने तमाम विरोधी दल इस मामले में सरकार को निशाने पर लिए हुए हैं। तमाम पार्टियां अपना-अपना सियासी नफा नुकसान देखकर बयानबाजी भी कर रही हैं। और अब मामला दिल्ली पुलिस के पास है और जांच क्राइम ब्रांच के हवाले है। ठीक ऐसे ही 13 फरवरी 2016 को जेएनयू में 'विवादित नारों' की वजह से बवाल हुआ था। और पहली बार देशभक्त बनाम देशद्रोह का मुद्दा सुर्खियों में आया था। दिल्ली पुलिस के पूर्व कमिश्नर बी।एस।बस्सी जिनके रहते जेएनयू के छात्रों पर देशद्रोह का मुकदमा हुआ वो अपना कार्यकाल खत्म कर रिटायर्ड हो गए। उसके बाद दिल्ली के कमिश्नर बने आलोक वर्मा वो भी अपना कार्यकाल पूरा कर सीबीआई डायरेक्टर बन गए लेकिन दोनों ही कमिश्नर के रहते जेएनयू कांड की चार्जशीट अदालत में दाखिल नहीं हो सकी।अब जेएनयू कांड के एक साल बाद स्पेशल सेल की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक तरीबन 40 से ज्यादा वीडियो फूटेज को सीएफएसएल लैब जांच के लिए भेजा गया। रिपोर्ट में जेएनयू के कई फूटेज असली पाए गए जिनसे साबित होता है की जेएनयू में देश विरोधी नारे लगाए गए थे।स्पेशल सेल ने तकरीबन 40 वीडियो फुटेज जिनमें न्यूज चैनल, प्राइवेट वीडियो, सोशल साइट्स के वीडियो जांच के लिए सीएफएसएल लैब भेजे। जांच में पाया गया कि जेएनयू में देश विरोधी नारे लगाए गए थे।

# गुरमेहर को लेकर पूजा भट्ट और नसीरुद्दीन ने रणदीप को सुनाई खरी-खरी

डीयू की छात्रा गुरमेहर कौर ने जिस तरह से छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के खिलाफ सोशल मीडिया पर कैंपेन छेड़ा, उसके बाद जहां उन्हें कुछ लोगों को समर्थन मिल रहा है वहीं कई लोगों ने उनके अंदाज पर सवाल भी खड़े किए हैं। गुरमेहर कौर की उस टिप्पणी पर विवाद ज्यादा हो रहा है जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे पिता को पाकिस्तान ने नहीं बल्कि युद्ध ने मारा। दरअसल गुरमेहर कौर के पिता कैप्टन मंदीप कौर भारतीय सेना में थे और शहीद हो गए थे।




**करगिल में शहीद नहीं हुए थे गुरमेहर के पिता**

गुरमेहर की इस तस्वीर पर वीरेंद्र सहवाग ने एक ट्वीट के जरिए तंज कसते हुए वैसी ही अपनी एक फोटो भी ट्वीट कर दी, जिसमें उनके हाथ में एक तख्ती है और उस पर लिखा है, 'मैंने नहीं मेरे बल्ले ने दो तिहरे शतक मारे थे।' सहवाग के इस ट्वीट पर बॉलिवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा ने ताली बजाते हुए एक पोस्ट ट्वीट किया है, जिस पर लिखा है कि सहवाग का यह ट्वीट तो ट्रिपल सेंचुरी से भी 'ग्रेट' है।

**ये पोस्ट लिख रणदीप ने दी सफाई**

इस मामले पर क्रिकेटर वीरेन्द्र सिंह सहवाग और बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा ने भी ट्वीट किया। कमेंट के बाद रणदीप को काफी ट्रोल किया जा रहा था जिस पर हाल ही में उन्होंने एक बड़ा सा पोस्ट लिखकर सफाई दी है। रणदीप ने लिखा, 'एक मजाक के लिए मुझे फांसी पर नहीं लटकाना चाहिए। वीरू ने एक मजाक किया था और उस मैं उस पर हंसने की बात को एक्सेप्ट करता हूं। वो काफी गुदगुदाने वाले शख्स हैं और यह उनकी लाखों बातों में से एक है जिस पर मैं हंसा था। बस ये बात थी लेकिन मैं हैरान हूं मुझे एक लड़की के खिलाफ नफरत भड़काने के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है और वो लड़की भी ऐसा मानती है। यह गलत है हमारी यह बिलकुल भावना नहीं थी। उस लड़की ने एक मुद्दे पर अपनी राय रखी। वह जिस चीज में यकीन रखती है, उसके लिए खड़ी हुई। इस केस में मेरे ऊपर उंगली उठाना और उनको जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं है। मैं उसके खिलाफ बिलकुल नहीं हूं और पुख्ता तौर पर यकीन करता हूं कि हिंसा गलत है। किसी महिला को हिंसा की धमकी देना और भी गंभीर अपराध है और इस तरह का काम करने वालों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए।।।'

**नसीरुद्दीन ने की सहवाग और रणदीप हुड्डा की आलोचना**

नसीरुद्दीन शाह अपनी बात हमेशा बेबाकी से रखते हैं और अब नसीर ने रणदीप हुड्डा और विरेंद्र सहवाग की आलोचना की है और मेसेज पर लिखा , 'गुरमेहर बहादुर लड़की है और उसका जज्बा काबिले तारीफ है। सहवाग और हुड्डा ने अपनी राष्ट्रभक्ति नहीं बल्कि अपनी संवेदनशीलता दशार्यी है।' नसीर ने भी इन दोनों की आलोचना कर दी, हालांकि जाती तौर पर नसीर, रणदीप के एक्टिंग गुरू भी हैं और उन्हें बहुत पसंद भी करते हैं। लेकिन रणदीप और सहवाग की विचारधारा से नसीर सहमत नहीं हैं। वहीं पूजा भट्ट ने भी रणदीप और सहवाग के ट्वीट पर नाराजगी जताई। पूजा ने ट्वीट कर सहवाग और रणदीप को फटकार लगाई। उन्होंने लिखा- अपने बराबर वालों से इस तरह की बातें अच्छी लगती हैं। एक लड़की को इस तरह घेरना बिल्कुल अच्छा नहीं है।

**गुरमेहर से अगर गलती हुई है तो मान लें**

गजेंद्र चौहान ने कहा जब राष्ट्र के युवा देश के विरोध में बात करते है तो ये देश के भविष्य के लिए खतरा है। गुरमेहर के वीडियो में प्रयोग किए गए शब्द विवादित हैं।

क्या गुरमेहर ये साबित कर सकती है कि उसके पिता को पाकिस्तान ने नहीं मारा। मुझे लगता है कि उसे बहकाया गया है, जबसे हमारी सरकार आई है बहुत लोगों के पेट में दर्द है। उसके पिता की शहादत का सलाम करते है। रेप की धमकी बिलकुल सही नही है। सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल हो रहा है। सेलेब्स को सोच के ट्वीट करना चाहिए उन्हें कई लोग फॉलो करते है, उनकी जिम्मेदारी बनती है। गुरमेहर से कहना चाहूंगा कि गलती हुई है तो गलती मान ले। गलती मानने से कोई छोटा नहीं होता।

**स्वरा भास्कर का मानना है कि बातचीत करके मामला हल करना चाहिए**

स्वारा भास्कर ने इस पूरे मामले पर कहा कि कैंपस परिसर में किसी भी तरह की हिंसा स्वीकार नहीं की जाएगी। स्वरा का मानना है कि मामलों को हल करने के लिए सबसे अच्छा तरीका बातचीत का माध्यम है। स्वरा ने फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली पर जयपुर में हुए हमले पर भी निराशा जताई और कहा कि हमारे देश में लोग इतने असहिष्णु है कि वो आसानी से मामला सुलझा ही नहीं सकते।

# रामजस विवादः छात्रों के प्रोटेस्ट मार्च में शामिल हुए येचुरी और राजा, ABVP ने बताया लेफ्ट का मार्च



दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज में छात्रों की लड़ाई में अब नेताओं के साथ-साथ अभिनेता और दूसरी हस्तियां भी कूद गई हैं। लेफ्ट से जुड़े छात्र संगठनों और टीचर्स ने मंगलवार को खालसा कॉलेज से प्रोटेस्ट मार्च निकाला। इस मार्च में सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी और सीपीआई नेता डी. राजा भी शामिल हुए। येचुरी ने बीजेपी और उससे जुड़े संगठनों पर हमला करते हुए कहा कि हमारा राष्ट्रवाद 'हम भारतीय हैं' पर आधारित है न कि 'हिंदू कौन है?' पर आधारित है। एबीवीपी पर हमला करते हुए सीपीएम महासचिव ने कहा कि वे तर्क से नहीं जीत पा रहे हैं इसलिए हिंसा का रास्ता अपना रहे हैं।

**येचुरी और डी. राजा भी हुए मार्च में शामिल**

सीपीआई नेता डी. राजा ने बीजेपी पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में भी उठाएंगे। छात्रों के प्रोटेस्ट मार्च में जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और पूर्व उपाध्यक्ष शेहला रशीद ने भी हिस्सा लिया। दोनों ने डीयू आर्ट्स फैकल्टी के सामने छात्रों को संबोधित भी किया। छात्रों ने वीसी ऑफिस को घेर रखा है। रामजस विवाद को लेकर पूरे डीयू कैंपस का माहौल गरमाया हुआ है। मंगलवार को कांग्रेस से जुड़े छात्र संगठन ठरवक के छात्र आरएसएस से जुड़े छात्र संगठन एबीवीपी के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी भी डीयू कैंपस पहुंचे।

# कामिनी खन्ना ने मोनो एक्ट प्रदर्शित कर किया माँ को याद





कामिनी खन्ना जो कि ब्यूटी विथ एस्ट्रोलॉजी की फाउंडर है ने अपनी स्वर्गीय माताजी श्रीमती निर्मला देवी को मोनो एक्ट जागो समर्पित किया जो की न केवल एक सुप्रसिद्ध क्लासिकल सिंगर बल्कि मन से पवित्र आत्मा की एक मिशाल थी, कामिनी खन्ना ने कुशल अभिनय की प्रस्तुति कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिसमे गृहस्थ संत, सतगुरुदेव श्री देव प्रभाकर शास्त्री जी की असीम कृपा रही ।

जागो एक लाइव, लाइट , साउंड , म्यूजिकल ,एवं मोटिवेशनल मोनो एक्ट था जिसके द्वारा दर्शकों को उनके अंदर की ताकत एवं कमजोरियों से बाहर निकलने एवं जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इस ड्रामा की खासियत यह रही की इसमें ऑडियो एवं विडियो विसुअल जो की एक्ट के बैकग्रॉउंड में उसकी शोभा बढ़ा रहे थे। साथ ही दर्शकों की निगाहें भी लगातार मंच पर टिकी रहीं । कामिनी खन्ना, ब्यूटी विथ एस्ट्रोलॉजी, का यह मोनो एक्ट जुहू के हरे रमा हरे कृष्णा मंदिर ,इस्कॉन, मुम्बई में आयोजित किया गया।

इस पूरे आयोजन में स्वर्गीया श्रीमती निर्मला देवी जी की जीवन की डॉक्यूमेंट्री को दिखाया गया । इस मोनो एक्ट के मुख्य बिंदू सकारात्मकता, ज्योतिष ,ध्यान, योगा, व्ययाम, भोजन का संतुलन, एवं प्रेरणा रहे ।

इसमें कई बॉलीवुड एवं टीवी कलाकार ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई जिसमे गोविंदा, कीर्ति कुमार, रागिनी खन्ना, मुकेश छाबरा, आरती सिंह, विनय आनंद, चम्पक जैन, अनूप जलोटा, योगेश लखानी ,अलका याग्निक शामिल रहे। इस कार्यक्रम के प्रायोजित किया मीति बग्गा ने।

# साक्षी द्विवेदी आगरा में भूमि फिल्म की शूटिंग करने पहुंची

बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त की कमबैक फिल्म भूमि की शूटिंग आगरा में धूम से चल रही है। ये फिल्म इस साल ४ अगस्त को रिलीज होगी। अदिति राव हैदरी जहाँ फिल्म में संजय दत्त की बेटी का किरदार कर रहीं हैं वही साउथ एक्ट्रेस साक्षी एक मुख्य किरदार नजर आएँगी। साक्षी ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है ।फिल्म के निर्देशक हैं उमंग कुमार। ये फिल्म एक बाप और बेटी के रिश्तों पर बन रही है। जेल से निकलने के बाद संजय दत्त की ये पहली फिल्म है।



# लखनऊ का सहारा हॉस्पिटल बिकेगा, सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी

लखनऊ का गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल बिकेगा। मंगलवार को सहारा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में 15 संपत्तियों को बेचने की सूची सौंपी गई। सुप्रीम कोर्ट ने 15 में से 13 संपत्तियों को बेचने की मंजूरी दे दी है, जबकि दो संपत्तियों के दस्तावेज ठीक न होने की वजह से उस पर रोक लगा दी है। 13 संपत्तियों में सहारा हॉस्पिटल भी शामिल है।

लखनऊ का सहारा हॉस्पिटल बिकेगा, सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल बिकेगा। मंगलवार को सहारा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में 15 संपत्तियों को बेचने की सूची सौंपी गई। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सहारा इंडिया परिवार के मुखिया सुब्रत रॉय सहारा की पैरोल भी 17 अप्रैल तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने कहा है कि 15 अप्रैल तक सहाराश्री को 5 हजार करोड़ जमा करवाना होगा अन्यथा उन्हें जेल भेज दिया जाएगा।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 6 फरवरी को सहारा समूह की




पुणे में स्थित 3900 करोड़ रुपए की एम्बी वैली को जब्त करने का आदेश दे दिया था। कोर्ट ने कहा कि सहारा समूह लोगों का पैसा अपनी इस सम्पति को बेच कर दे।

पिछले साल नवम्बर में सुप्रीम कोर्ट ने रॉय की पैरोल को जारी रखते हुए समूह से कहा था कि वे 6 फरवरी तक 600 करोड़ रुपये का भुगतान करें।

**क्या है मामला?**

सहारा समूह की दो कंपनियोंझ सहारा इंडिया रियल एस्टेट कारपोरेशन लिमिटेड (एसआईआरएसएल) और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एसएचआईएसएल) ने 2008 और 2009 में वैकल्पिक रूप से पूरी तरह परिवर्तनीय डिबेंचर के माध्यम से 3.3 करोड़ रुपए निवेशकों से उठाया था।

सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2012 में एसआईआरएसएल और एसएचआईएसएल को निवेशकों के 17600 करोड़ रुपये का 15 % ब्याज के साथ वापिस करने का आदेश दिया था।



अंधेरी पूर्व स्थित सहार रोड पर अंतरराष्ट्रिय हवाई अड्डे के सामने से गुजर रही कार में उस समय आग लग गई जब कार के पहिये अचानक रुक गये और कार घिसटने लगी और बड़ा हादसा होने से टल गया। **फोटो-देवव्रत शर्मा**

# यूपी चुनावः क्यों घट रहा चरण दर चरण मतदान का प्रतिशत?




उत्तर प्रदेश में पांच चरणों का मतदान हो चुका है। पहले और दूसरे चरण में राज्य की जनता ने खुलकर मतदान किया और मतदान प्रतिशत 65 फीसदी के करीब पहुंचा लेकिन इसके बाद हुए मतदान प्रतिशत लगातार कम होता जा रहा है। तीसरे चरण में 62 फीसदी मतदातों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चौथे चरण में मतदान का प्रतिशत 61 फीसदी रहा और पांचवे चरण में मतदान का प्रतिशत लगभग 58 फीसदी रहा।

**क्यों हो रहा है उत्साह कम?**

जैसे-जैसे मतदान आगे बढ़ रहा है मतदातों में उत्साह कम हो रहा है। कुछेक मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इसके पीछे खेत में फसल की निराई, बुआई का होना। मतदान प्रतिशतों के कम होने के पीछे एक और वजह यह बताई जा रही है कि इलाके के बहुत से लोग राज्य से बाहर रहते हैं उनके लिए केवल मतदान के लिए आना मुश्किल है।

# समुद्र के नीचे भी दुश्मन पर होगी नजर, चीन बनाने जा रहा है समुद्र के नीचे प्लेटफार्म



चीन अपनी सीमाओं पर सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कोताही बरतने के मूड़ में नहीं है। जल, थल और नभ में चाक-चौबंद सुरक्षा के बाद चीन अब समुद्र के नीचे भी अपने सैनिक तैनात करेगा। इसके लिए दक्षिण सागर में समुद्र के नीचे एक निगरानी प्लेटफार्म बनाने जा रहा है। इस प्लेटफार्म से चीन मलेशिया, फिलीपीन और वियतनाम समेत अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों पर नजर रख सकेगा। यह प्लेटफार्म सामुद्रिक खोजों में भी चीन की मदद करेगा। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस) में एक शिक्षाविद वांग पिनशियान ने कहा कि दक्षिण चीन और पूर्वी चीन सागर में दीर्घकालीन निगरानी प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य शंघाई की टोंगजी यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट ऑफ एकोस्टिक्स की मदद से किया जाएगा। वांग ने शंघाई में एक वैज्ञानिक फोरम से कहा कि इस प्लेटफार्म का निर्माण करना यह दिखाता है कि चीन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में सक्रिय तौर पर शामिल है। इंस्टीट्यूट ऑफ एकोस्टिक्स ने प्लेटफार्म के संवेदनशील होने के कारण इसके सटीक स्थान का खुलासा करने और इस पर हुए शोध के बारे में आगे जानकारी देने से इनकार कर दिया, लेकिन यह प्लेटफार्म पानी के अंदर 10 हजार फुट नीचे बनेगा।

दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में समुद्री क्षेत्र को लेकर चीन के विवाद चल रहे हैं। वह तेल और प्राकृतिक गैस से संपन्न समुद्र के करीब पूरे इलाके पर अपना दावा जताता है जबकि फिलीपीन, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और ग्लोबल टाइम्स ने साइंसनेट की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यह प्लेटफार्म समुद्र के नीचे की भौतिक, रासायनिक और भूविज्ञानी परिस्थितियों का अवलोकन करेगा और अन्य उद्देश्य के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी महिला को गर्भ गिराने की इजाजत



सुप्रीम कोर्ट ने डाउन सिंड्रोम से पीड़ित अपने 26 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति मांगने वाली एक महिला की याचिका मंगलवार (28 फरवरी) को यह कहते हुए नामंजूर कर दी कि हमारे हाथों में एक जिंदगी है। अदालत ने कहा कि 37 वर्षीय महिला के स्वास्थ्य की जांच के लिए गठित चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था जारी रखने में मां को कोई खतरा नहीं है। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश एसए बोबडे और न्यायाधीश एल नागेश्वर राव की पीठ ने टिप्पणी की कि हालांकि हर कोई जानता है कि डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चा निसंदेह रूप से कम बुद्धिमान होता है, लेकिन वे ठीक होते हैं। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट के मुताबिक भ्रूण में मानसिक और शारीरिक चुनौतियां हो सकती हैं। लेकिन चिकित्सकों की सलाह गर्भ गिराने का समर्थन नहीं करती। इस रिपोर्ट के साथ, हमें नहीं लगता कि हम गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने वाले हैं। एक जिंदगी हमारे हाथ में हैं। अदालत ने कहा-इन परिस्थितियों में, वर्तमान सलाह के अनुसार गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देना संभव नहीं है। डाउन सिंड्रोम एक ऐसा अनुवांशिक विकार है जो कि बौद्धिक और शारीरिक क्षमता प्रभावित करता है। पीठ ने 23 फरवरी को मुंबई स्थित केईएम अस्पताल के चिकित्सकों के बोर्ड का गठन कर महिला की जांच कर उसकी स्थिति और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी की इजाजत के बारे में सलाह देने के लिए रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। महाराष्ट्र की इस महिला ने गर्भावस्था समाप्त करने की इजाजत मांगने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए कहा था कि जन्म के समय बच्चे में गंभीर मानसिक और शारीरिक विकार होने के साथ ही उसकी खुद की जान को भी खतरा है। महिला ने अपनी याचिका में यह भी कहा था कि यह विकार बच्चे में मानसिक और शारीरिक गतिरोध पैदा कर सकता है और बच्चा सामान्य और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकेगा। कानून भ्रूण और माता की जान को खतरा होने के बावजूद 20 सप्ताह के बाद गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति नहीं देता। इस मामले से मिलते जुलते एक अन्य मामले में शीर्ष न्यायालय ने 22 वर्षीय एक महिला के जीवन पर संकट को देखते हुए सात फरवरी को 24 सप्ताह के गर्भ को गिराने की इजाजत दे दी थी।

# सीतापुर-लखीमपुर और आगरा से नकली नोटों के कारोबार

**लखनऊ।** सीतापुर और आगरा पुलिस ने आज नकली नोटों के धंधे से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें से आगरा पुलिस ने दिल्ली की युवती को उसके पुरुष मित्र के साथ पकड़ा गया। वह एनसीआर और देश के बड़े शहरों में नकली नोटों की सप्लाई का काम कर रही थी। यह नकली नोटों के बड़े सौदागर गिरोह से जुडी है। इसके अलावा सीतापुर पुलिस टीम ने नकली नोट बनाने में लगे लखीमपुर और सीतापुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया।



## नकली नोटों का सौदागर गिरफ्तार

आगरा पुलिस ने आज सौ रुपये के नकली नोटों की खेप कानपुर ले जाते समय आगरा पुलिस ने एक युगल को वोल्वो बस से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से डेढ़ लाख रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं।

बड़े गिरोह से जुड़े होने की आशंका पर केंद्रीय खुफिया एजेंसियां दोनों से पूछताछ कर रही हैं। दिल्ली के कसाबपुरा छोटी गली, मस्जिद सदर नाला रोड निवासी 28 वर्षीय मुबशरा पुत्री मो. अयूब अपने दोस्त हरियाणा के पानीपत के अशोक नगर निवासी राकेश गोयल के साथ दिल्ली से नकली नोट लेकर निकली थी। क्राइम ब्रांच ने हरीपर्वत क्षेत्र में उन्हें वोल्वो बस से पकड़ लिया। एएसपी अनुराग वत्स ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पकड़ी गई युवती हाईस्कूल के बाद से ही गलत धंधों में पड़ गई थी। पांच साल पहले एक निजी बैंक में नौकरी करने के दौरान वह कई ग्रुपों से जुड़कर देह व्यापार के धंधे से लिप्त थी।

## नकली नोट तैयार करने वाले गिरफ्तार

सीतापुर के महोली पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने नकली नोट के मामले में लखीमपुर के एक युवक समेत दो लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इनके पास से दो हजार रुपये का नकली नोट, नोट तैयार करने के लिए इस्तेमाल में आने वाले उपकरण व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर उन्हें जेल भेज दिया है। बीते दिनों महोली क्षेत्र में रामलीला मैदान के निकट हसीब खां उर्फ गुड्डू पुत्र जलीस खां निवासी मियां सराय थाना खैराबाद को गिरफ्तार किया था। तलाशी में उसके पास से नए पांच सौ रुपये के डुप्लीकेट 50 नोट बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ लखीमपुर से नकली नोट लाकर सप्लाई किए जाने की बात स्वीकार की थी। मामले की छानबीन के दौरान कोतवाल रंजना सचान व क्राइम ब्रांच के एसआइ हरमीत ने मय टीम लखीमपुर के ईसानगर थाना क्षेत्र के गुलहरिया निवासी इंद्रेश त्रिवेदी उपुत्र सुरेश दत्त त्रिवेदी व लहरपुर के बहलोलपुर निवासी कबीर खां पुत्र स्व. सगीर खां को रिछाही कस्बे के निकट से गिरफ्तार किया।

**उपहार सिनेमा अग्निकांड**

## रउ गोपाल अंसल की जेल की सजा मे बदलाव की मांग पर सुनवाई को राजी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उपहार सिनेमा अग्निकांड के दोषी गोपाल अंसल की ओर से जेल की सजा में बदलाव की मांग पर दाखिल याचिका को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए शुक्रवार यानि 3 मार्च का दिन निर्धारित किया है। दरअसल गोपाल अंसल ने अपने भाई सुशील अंसल के समान सजा में बदलाव की मांग की है। बता दें कि बीते नौ फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते हुये सुशील अंसल की आयु को देखते हुए उनकी सजा माफ कर दी थी। जबकि गोपाल अंसल को एक वर्ष की सजा पूरी करने का निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई कर रही तीन जजों की बेंच ने गोपाल अंसल को चार हफ्तों में सरेंडर करने का निर्देश दिया था।

# भारत में स्पीड ब्रेकर की वजह से हर रोज दस लोगों की होती है मौत

**नई दिल्ली।** स्पीड ब्रेकर को लेकर जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में हर रोज दस लोगों की मौत की वजह स्पीड ब्रेकर होते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी इस रिपोर्ट में दर्ज आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2015 के दौरान देश भर में करीब 11000 लोगों की जान सड़क हादसों में गई, जिसमें से करीब 3409 मौतों की वजह स्पीड ब्रेकर बने थे। रिपोर्ट के मुताबिक देश में हर रोज होने वाले तीस में दस हादसे की वजह स्पीड ब्रेकर ही होते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2015 में मध्य प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में करीब 6073 मौतों की वजह स्पीड ब्रेकर ही थे। यह इस दौरान हुए हादसों का करीब पचास फीसद है। अकेले यूपी, तमिलनाडु और कर्नाटक में ही इस दौरान करीब 1794 मौतों के पीछे भी स्पीड ब्रेकर ही थे। अकेले यूपी में ही वर्ष



2014 में 1753 और 2015 में 990 मौत स्पीड ब्रेकर की वजह से हुई थीं। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हत्या के मामलों में यूपी देश का नंबर वन राज्य है।

नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक देश भर में वर्ष 2015 के दौरान कुल 32127 हत्या के मामले दर्ज किए गए जिसमें से करीब 15 फीसद मामले अकेले यूपी में ही दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक जम्मू कश्मीर में वर्ष 2014 और 2015 के दौरान 15 और 17 मौत की वजह सड़कों पर बने स्पीड ब्रेकर थे। वहीं इस दौरान यहां सेना के करीब 32 और 33 जवान भी मारे गए थे। हालांकि रिपोर्ट यह भी बताती है कि वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश के अंदर 2014 के मुकाबले कम एक्सीडेंट और मौत हुई हैं। ऐसा ही कुछ ट्रेंड बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात और कर्नाटक में भी देखने को मिलता है। सड़क हादसे या फिर यूं कहें कि स्पीड ब्रेकर को लेकर बनाई गई सरकारी एजेंसी इंडियन रोड कांग्रेस के मुताबिक देश भर में बने स्पीड ब्रेकर में से ज्यादातर में नियमों की अनदेखी की गई है। उनके मुताबिक जो स्पीड ब्रेकर ट्रकों के लिहाज से सही होते हैं वह मोटरसाइकिलों के लिए सही नहीं होते हैं और जो मोटरसाइकिलों के लिए ठीक होते है.

## संक्षिप्त खबर

### उन्नाव में ट्रेन रोके जाने पर यात्रियों का हंगामा

**उन्नाव।** कानपुर तथा लखनऊ के बीच रेल लाइन में फैक्चर की सूचना पर ट्रेन रोके जाने को लेकर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। मामला सोनिक रेलवे स्टेशन का है। रेल लाइन में फैक्चर की जानकारी पर एलकेएम ट्रेन को रोके जाने पर हंगामा हो गया। सोनिक स्टेशन के पास रेल पथ निरीक्षक ने ट्रैकमैन और गैंगमैन को ट्रैक की मरम्मत के लिए भेजा था। उस वक्त डाउन लाइन पर जा रही एलकेएम ट्रेन को सोनिक स्टेशन पर रोक लिया गया। ट्रेन पर सवार दैनिक यात्री ट्रेन को गुजारने के बाद मरम्मत करने का दवाब बना रहे थे।

### बस पलटने से तीन दर्जन बच्चे घायल

**एटा।** एटा में लगभग एक महीने के अंतराल में दूसरा स्कूल बस हादसा हुआ है। आज अलगीढ़ में अवागढ़ की सिटी कान्वेंट स्कूल की बच्चों से भरी बस ग्राम उड़ेरी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। ड्राइवर की लापरवाही से बच्चों से भरी बस (यूपी 83 टी 6549) खेत में जाकर पलट गई। बस के पलटने से तीन दर्जन ने अधिक बच्चे घायल हैं। बस में 45 बच्चे सवार थे। घायलों में आधा दर्जन गंभीर हैं। कल ही प्रदेश के कानपुर में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी इसमें 20 मासूम बच्चे जख्मी हो गए थे। बस पलटते ही चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर राहगीर दौड़े और बस में फंसे बच्चों को निकालने का काम शुरू किया।

### बांदा में पकड़ा गया सेक्स रैकेट

**बांदा।** बांदा में लंबे समय से चल रहे सैक्स रैकेट को कल दिल्ली की समाजसेवी संस्था की पहल पर पुलिस ने छपेमारी कर सैक्स रैकेट का भांडा फोड़ कर दिया। संयुक्त टीम ने आधा दर्जन महिलाओं के साथ रैकेट चलाने वाले आरोपी को दबोचा है। पुलिस की इस धरपकड़ से सैक्स रैकेट चलाने वालों में अफरातफरी मची रही वहीं मौके से नाबालिग लड़कियों को भी पकड़ा गया है। कल दिल्ली की समाजसेवी संस्था फ्रीडम फर्म के पांच लोगों ने बांदा आकर एसपी श्रीपति मिश्र से भेंट की उन्होंने सैक्स रैकेट से जुड़ी महिलाओं को मुक्त कराने के लिए पुलिस सहयोग की मांग की।

### बिहार के मंत्री ने मोदी को बताया नक्सली

**पूर्णिया।** सूबे के मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री सह अमौर विधायक अब्दुल जलील मस्तान एक बार फिर अपने विवादित बोल के लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। मंत्री के विवादित बोल वाले वीडियो के वायरल होने के बाद भाजपा ने इसकी तीखी निंदा करते हुए सोमवार को विरोध मार्च निकाला। मंत्री के विवादित बोल वाला जो वीडियो वायरल हुआ है वह 22 फरवरी को अमौर में आयोजित जनवेदना सभा का है। इस जनवेदना सभा में मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री जलील मस्तान द्वारा ना सिर्फ प्रधानमंत्री के बारे में विवादित बोल बोले गए, बल्कि उनकी तस्वीर के साथ मंत्री की मौजूदगी में समर्थकों द्वारा अशोभनीय हरकत भी की गई।

### पटना सेक्स रैकेट में खुलासा

**पटना।** बिहार के पूर्व मंत्री की बेटी के यौन शोषण, दुष्कर्म व सेक्स रैकेट संचालन के आरोपों से घिरे ऑटोमोबाइल कारोबारी निखिल प्रियदर्शी तथा उसके सहयोगियों के काले चिट्ठे खुलते जा रहे हैं। मामले की जांच के दौरान एसआइटी को मालूम हुआ कि निखिल ने कई लड़कियों को हवस का शिकार बनाया, जिनमें एक रिटायर्ड आइएएस की बेटी भी थी। उसने निखिल के धोखे से आहत होकर खुदकशी कर ली थी। सूत्रों के अनुसार निखिल प्रियदर्शी की खोज करने के लिए एसआइटी ने विभिन्न स्रोतों से उसके कई मोबाइल नंबर हासिल किए। कुछ नंबरों को निखिल ने बंद कर दिया है। जब उन बंद नंबरों के कॉल डिटेल खंगाले गए तो उनमें एक लड़की का नंबर था। उसका विवरण निकालकर पुलिस जब लड़की के घर पहुंची तो मालूम हुआ कि वह एक रिटायर्ड आइएएस अधिकारी की बेटी है। उसके परिजन मुंबई चले गए हैं।

### यात्रीगण कृपया ध्यान दें...

**पटना।** रेल का सफर करने के लिए अब आपको सफर के दौरान हर तरह के टिकट के साथ ही पहचान पत्र साथ रखना जरूरी होगा। एक अप्रैल से रेलवे के नियम में यह बड़ा बदलाव होने जा रहा है। जानकारी नहीं रहने पर आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है। रेलवे एक अप्रैल से इस नए नियम को लागू करने का मन बना रही है रिलवे ने ट्रेन में सफर के दौरान हर तरह के टिकट पर पहचान पत्र को अनिवार्य कर दिया है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आपको बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है और सफर के दौरान जुर्माना देना पड़ सकता है। बिना पहचान पत्र के आपको बेटिकट माना जाएगा।

# सोशल मीडिया पर रातोंरात पॉपुलर हो गयी ये लड़की आखिर क्या थी वजह



बेहद खूबसूरत फिलॉस्फी की छात्रा रह चुकी झांग फिलहाल अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं। लेकिन झांग के फेमस होने की वजह कुछ और ही है। सोशल मीडिया एक ऐसा माध्यम है जो आसानी से किसी को भी पॉपुलर बना देता है। ताइवान में रहने वाली 25 वर्षीय झांग कैइजी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाक्या हुआ। उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर इतनी वायरल हुई कि वो रातोंरात पॉपुलर हो गयी। बेहद खूबसूरत फिलॉस्फी की छात्रा रह चुकी झांग फिलहाल अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं। लेकिन झांग के फेमस होने की वजह कुछ और ही है। डॉगमेन मार्केट में झांग की एक खानदानी मीट शॉप है। छुट्टी के दिन एक बार झांग अपनी इस दुकान में मीट बेच रही थी। उस दिन उनके दुकान पर लोगों की भीड़ लग गई। उनकी खूबसूरती और अंदाज के कई लोग तो इस कदर दीवाने हो गए कि उनका फोटो क्लिक करना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने तो उनका फोन नंबर मांग लिया और फ्रेंडशिप की इच्छा भी जाहिर कर दी। लोगों का ऐसा व्यवहार देख झांग बहुत हैरान थी। वहीं कुछ लोगों ने झांग के फोटो क्लिक कर उसे सोशल साइट्स पर 'पोर्क प्रिंसेस' के नाम से अपलोड कर दिया। बस फिर क्या था देखते ही देखते उनकी फोटो वायरल हो गई। कुछ लोगों ने तो उन्हें ऑनलाइन फ्रेंडशिप का ऑफर भी दे डाला। झांग का कहना है कि उनकी ये मीट शॉप 3 पीढ़ियों से चली आ रही है, वो आगे भी अपने इसी बिजनेस को बढ़ाना चाहती हैं।

# जंगली जानवरों के लिए मसीहा

## से कम नही है ये शख्स, रोज बुझाता है इनकी प्यास



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानवता कहीं गुम होती जा रही है। अब हर मनुष्य केवल अपने परिवार के सीमित दायरे में ही कैद होकर रह गया है। लेकिन फिर भी कुछ ऐसे लोग हैं जो इस अंधेरे में एक उजाले की किरण के तौर पर दिखाई दे जाते हैं।

हम बात कर रहे हैं केन्या में रहने वाले पैट्रिक किलोंजो कि, जंगली जानवरों के लिए देवदूत बनकर आया ये शख्स सूखे की मार झेल रहे तसावो वेस्ट नेशनल पार्क के जानवरों के लिए किसी मसीहा से कम नही है। इस पार्क में जानवरों के पीने के लिए मौजूद सभी स्त्रोत सूख चुके हैं ऐसे में बिना पानी के जानवरों का जीवन बिल्कुल खत्म हो रहा था। पैट्रिक ने उनका दर्द समझा और अब ये उनका कत्तर्व्य बन गया है। वह प्रतिदिन तीन हजार गैलन पानी से भरा एक टैंकर लेकर इस जंगल में जाते हैं और वहां के गडढ़ों को पानी से भर देते हैं इसलिए सब इन्हें वाटर मैन के नाम से पुकारते हैं। प्यासे बेजुबान जानवरों के लिए ये पल कितना सुखद होता है इसकी कल्पना भी नही कि जा सकती।

दरअसल पिछले कई वर्षो से इस इलाके में वर्षा काफी कम हो रही है। ऐसे में अगर पानी का इंतजाम नही किया जाएगा तो ये बेजुबान जानवर प्यासे ही मर जाएंगे। माना कि ये जानवर अपनी जुबान से इस शख्स का शुक्रिया अदा नही कर सकते लेकिन पानी के टैंकर को देख उनकी खुशी और उत्साह सब कुछ कह देता है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

### मेष
दिया हुआ धन वापस आ सकता है। अस्वस्थता हो सकती है। यात्रा लाभदायक हो सकती है। विवाद से बचें। कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हो सकती है।

### सिंह
जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय निवेश लाभदायक रहेंगे। नौकरी आदि में इनाम-प्रमोशन मिल सकता है।

### धनु
पराक्रम से लाभ बढ़ेगा। संपति के कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यापार निवेश लाभ देंगे। यात्रा लाभदायक होगी। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी। आलस्य न करें।

### वृष
शत्रु परास्त होंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उद्योग-धंधे से लाभ होगा। जोखिम के कार्य सावधानी से करें। व्यक्तिगत समृद्धि होगी।

### कन्या
अस्वस्थता हो सकती है। उद्योग-निवेश लाभदायक होगा। यात्रा में सावधानी रखें। शत्रु शांत रहेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा एवं लोकप्रियता बढ़ेगी।

### मकर
शुभ समाचार मिलेंगे। जोखिम वाले कार्यों में सावधानी रखें। शत्रु परेशान करेंगे। यात्रा लाभदायक होगी। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

### मिथुन
धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। सरकारी कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-निवेश लाभदायक होंगे। यात्रा में सावधानी रखें। पराक्रम से विरोधी को परास्त कर सकते हैं।

### तुला
अचानक हानि-दुर्घटना के योग हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है। अभीष्ट कार्य की सिद्धि होगी। यश, प्रसिद्धि मिलेगी।

### कुंभ
दुष्ट जन परेशान करेंगे। व्यापार-निवेश से लाभ होगा। यात्रा में सावधानी रखें। शत्रु परेशान करेंगे। जोखिम न उठाएं। पुरुषार्थ का प्रतिफल मिलेगा।

### कर्क
हानि-दुर्घटना के योग हैं, सावधानी रखें। व्यापार-व्यवसाय निवेश में जोखिम न लें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। संतान संबंधी निर्णय सोच-समझकर लें।

### वृश्चिक
चारों तरफ से अच्छी खबरें नहीं आएंगी। आवश्यक ऋण लेना पड़ सकता है। जोखिम के कार्य न करें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

### मीन
चोरी-दुर्घटना से हानि हो सकती है। व्यापार निवेश में जोखिम न उठाएं। मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। अपनी योजनाएं गोपनीय रखें।

## मुंबई हलचल सुडोकू-87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 4 | | 2 | |
| | | | 1 | | 2 | 4 | 3 | |
| | | 2 | 7 | | | | | |
| | 9 | 5 | 2 | | | | 7 | |
| 2 | | 1 | | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | 8 | 1 | |
| 3 | | | 9 | | | 1 | 5 | |
| 1 | | | 5 | 2 | | 9 | | |
| | 7 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येकक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3*3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रहे।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## मुंबई हलचल सुडोकू-86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 5 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 7 | 2 |

# अदरक के रस में मिलाकर पीएं ये चीजें, रहेंगे स्वस्थ!



**अदरक** को खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जहां अदरक हमारे खाने के टैस्ट बढ़ा देता है, वहीं ये हमारी सेहत को भी ठीक करने का काम करता है। अदरक में मौजूद कई तत्व होते है, जिनमें से एक जिंजरोल भी है। यह तत्व हमे कई तरह की बीमारियों से बचाएं रखता है, जिससे हम उम्र भर के लिए स्वस्थ रहते है। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे, जिनको अदकर के रस में मिलाकर लेने से कई तरह की परेशानियां दूर रहती है।

**1. खून साफ**
अदरक हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। 2 चम्मच अदरक का रस और 2 चम्मच शहद मिलाकर रोजाना सुबह लेने से खून साफ होता है।

**2. दर्द दूर**
अदरक के रस में कपूर मिलाकर लैप तैयार करें। फिर इस लैप को दर्द वाली जगह पर लगाएं। इससे कोई दर्द दूर रहेगा।

**3. पेट दर्द**
1 चम्मच अदरक और पुदीने का रस लेकर इसमें थोड़ा सा सेंधा नमक मिलाकर पीएं। इससे पेट का दर्द गायब हो जाएगा।

**4. हिचकी के लिए**
1 चम्मच अदरक का रस 1 गिलास गाय के जूस में मिलाकर पीएं। इससे हिचकी दूर होगी।

**5. यूरिन प्रॉबल्म**
2 चम्मच अदरक के रस में 1 मिश्री का डली मिलाएं और सुबह-शाम इसका सेवन करें। इससे यूरिन की समस्या दूर होगी।

**6. सूजन दूर**
2-3 चम्मच अदरक के रस में थोड़ा सा गुड़ मिलाकर रोज सुबह-शाम पीएं। इससे सूजन में राहत मिलेगी।

**7. जोड़ो का दर्द**
1 कप अदरक के रस में आधा कप तिल के तेल डालकर पकाएं। फिर इस मिक्चर से अपने जोड़ों की अच्छे से मालिश करें। इससे जोड़ो का दर्द दूर होगा।


**8. सांस की तकलीफ**
1 चम्मच अदरक का रस आधे कप गुनगुने पानी में मिलाकर पीएं। इससे सांस की प्रॉबल्म दूर होगी।

## कीमोथेरेपी का दर्द दूर करने का नया तरीका!

कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जिसका यदि समय रहते न पता चले या फिर इस बीमारी को जड़ से खत्म न किया जाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है। कैंसर सेल्स को पूरी तरह से खत्म करने के लिए कीमोथेरेपी की जाती है। यह थेरेपी कैंसर के सेल्स को शरीर के दूसरे हिस्से में फैलने से रोकती है।

कीमोथेरेपी के दौरान मरीज की स्थिति बहुत ही दर्दनाक हो जाती है। सिर पर से बालों का उड़ जाना, मुंह में छाले हो जाना, खाने-पीने में दिक्कत ऐसी कई समस्याएं कीमोथेरेपी के दौरान व्यक्ति को झेलनी पड़ती हैं,जो कि बहुत ही कष्टकारी होती है। ऐसे में हर कोई चाहता है कि वह उन्हें किसी तरह से राहत दे सके। एक शोध के अनुसार दूध में पाया जाने वाला एक विटामिन कीमोथैरेपी दवाओं की वजह से होने वाले दर्द को रोकने और इलाज में उपयोगी हो सकता है। कीमोथैरेपी की प्रक्रिया में इस्तेमाल की जानी वाली दवाओं के कई दुष्प्रभाव भी होते हैं। जिस वजह से मरीज को असहनीय दर्द होता है।शोधकताओं ने दूध में मौजूद निकोटिनामाइड रिबोसाइड के प्रभाव का अध्ययन किया। यह विटामिन बी 3 का एक प्रकार है। कीमोथेरेपी के दौरान हाथ-पैरों की कमजोरी, सुन्नता और दर्द को दूर करने के लिए अपने रूटीन में व्यायाम को भी जगह दें।

# हेल्थ पर चलाएं अरोमा का जादू



यह बहुत ही प्राचीन आयुर्वैदिक पद्धति है जिसका प्रयोग बहुत से रोगों के निदान में किया जाता है। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। अरोमा का अर्थ होता है खुशबु यानी अरोमाथैरेपी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिसमें बहुत सारे रोगों का इलाज विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक खुशबुओं का प्रयोग करके किया जाता है। अरोमाथेरेपी में जिन एसेंशियल ऑइल्स का इस्तेमाल किया जाता है जो कि प्लांट्स, हर्ब्स, पेड़ों, फूलों आदि का तत्व होता है जिनसे होने वाले फायदों के कायल हो जाएंगे। क्या हैं फायदे?

**बंद नाक खोले**
इन दिनों बदलते मौसम में जुकाम की समस्या बहुत ही आम है, जिसमें बंद नाक परेशानी का कारण बन जाता है। ऐसे में अगर आप नीलगिरी के तेल की कुछ बुंदें डाल कर स्टीम लें तो आपको बंद नाक से फौरन मुक्ति मिल जाएगी।

**- सिर दर्द भगाएं**
आज हर इंसान अपनी लाइफ में इतना बिजी हो गया है। आजकल लोगों की दिनचर्या ऐसी है कि उनको आए दिन सिरदर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रोजमेरी ,लैवेंडर व पुदीने की खुशबु सिरदर्द की समस्या से जल्दी निजात दिला सकती है।

**- डाइजेशन सुधारे**
जिन लोगों को डाइजेशन की से सम्बंधित कोई समस्या है तो इसमे अरोमाथैरेपी रामबाण का काम करता है। तुलसी और चंदन की खुशबु डाइजेशन से सम्बंधित समस्या को दूर करने में बहुत ही प्रभावी है।

**- अनिद्रानाशक**
कई लोगों को नींद ना आने की भी समस्या होती है ऐसे में लैवेंडर , कैमोमाइल , नारंगी आदि खुशबुए भी नींद लेने में बहुत ही कारगर सिद्ध होती हैं। फिर चाहे आप इनके लिए अरोमालैम्प का प्रयोग करें या फिर ऑइल का। इसके अलावा अच्छी नींद के लिए आप तकिये के नीचे लैवेंडर रख कर भी सो सकते हैं।

**- डिप्रेशन से मुक्ति**
जैस्मिन और कैमोमाइल की खुशबु ना सिर्फ डिप्रेशन जैसी समस्या से राहत दिलाती है बल्कि यह मूड पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**- खूबसूरती बढ़ाएं**
रोज और जैरेनियम ऑयल में यह गुण होता है जो धुप से झुलसी हुई त्वचा को ठीक कर के उसे एक चमक देती है। इसके अलावा ट्री ऑयल पिम्पल को ठीक करता है तो वहीं रोज ऑयल त्वचा को ग्लो दे कर उसकी खूबसूरती बढ़ता है।

**- सैक्स लाइफ को बेहतर बनाएं**
चन्दन ,चमेली और गुलाब की खुशबु से शरीर में सेक्स से सम्बंधित हार्मोन में तेजी आती है और सेक्स से सम्बंधित समस्याएं भी दूर होती हैं। इसके अलावा लौंग का तेल भी सेक्स लाइफ को बेहतर बनाता है।

**- फर्टिलिटी बढ़ाएं**
शायद आपको सुन कर अजीब लग सकता है जीरे के तेल का प्रयोग फर्टिलिटी बढ़ने के काम में आता है।

# कहीं दोस्त ही तो नहीं हस्बेंड-वाईफ की लड़ाई का कारण?

**दोस्ती** का रिश्ता वैसे तो हर किसी की लाइफ में अहम रोल निभाता है,क्योंकि हम लोग अक्सर अपने दोस्तों से दुख-सुख सांझा करते है। कई बार यहीं करीबी दोस्त किसी कारण से आपके और आपके पार्टनर के बीच लड़ाई का कारण बन जाते है। कुछ दोस्त होते है कि वह अपकी गर्लफ्रैंड की बात-बात पर बुराई करने लगते है, आपके सामने उसे नीचा दिखाने में कोई कमी नहीं छोड़ते। अगर आपके दोस्त भी कुछ ऐसा करते है तो उनसे दूरी बना लेना ही बेहतर होगा। आज हम आपको बताएंगे, कि दोस्त आपके रिश्ते में कैसे ग्रहण बन जाते है।



**1. बात-बात पर ताने**
आप अपनी पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट से वापस आए हो और दोस्त बोलने लगे कि आ गए टाइम वेस्ट करके तो सारा मुड खराब हो जाता है।

**2. अपमानित करना**
अगर दोस्त बार-बार आपका मजाक आपके पार्टनर के सामने उड़ाने लगे तो अच्छा होगा कि उनको अपने पार्टनर से न ही मिलवाएं क्योंकि यहीं दोस्त आपके रिश्तो को तोड़ सकते है।

**3. फलर्ट करना**
कई बार ऐसा होता है कि दोस्त मजाक-मजाक में गर्लफ्रैंड के साथ फलर्ट करना शुरू कर देते है। इस बात को मजाक में टालने के बजाएं, उसको रोके। क्योंकि यहीं मजाक सीरियस बन सकता है।

**4. उकसाना**
ऐसे अक्सर होता है कि अच्छे काम में कोई भी साथ नहीं देता लेकिन बुरा काम करने के लिए हर कोई उकसाने लगते है। ऐसे ही कुछ दोस्त होते है, जो आपको उकसा कर लड़ाई करवा देते है।

**5. अधिक पूछ-ताछ**
दोस्तो की आदत होती किसी के रिलेशन के बारे में जानने की। ऐसे में वह आपको बार-बार अपनी बाते शेयर करने के लिए कहेंगे, लेकिन उतनी ही बात बताएं, जितनी मुनासिफ हो। यह दोस्त ही बाद में आपके रिश्ते की रूकावट बन सकते है।

# दूसरे टेस्ट की राह कोहली के लिए नहीं होगी आसान



**नई दिल्ली,** चार टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मैच 4 मार्च से बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना है, लेकिन मैच को जीतने की राह कप्तान कोहली के लिए आसान नहीं होगी। चिन्नास्वामी में भारतीय टीम का कंगारुओं के साथ अब तक पांच बार आमना-सामना हो चुका है। इन पांचों टेस्ट मैचों में भारतीय टीम को सिर्फ एक मैच में ही जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम यहां भारत को दो टेस्ट मैचों में हरा चुकी है और दो टेस्ट मैच ड्रॉ रहे थे। जाहिर है कि अगर भारतीय टीम यहां जीत हासिल करना चाहती है तो उन्हें नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। पुणे टेस्ट से सीख लेते हुए भारतीय कप्तान विराट कोहली और कोच अनिल कुंबले एक बार फिर कंगारुओं को स्पिन के जाल में फंसाने की रणनीति से परहेज करेंगे क्योंकि दांव एक बार उल्टा पड़ चुका है और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी तैयारियों का नूमना भी पेश कर दिया है।

जब एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पिच क्यूरेटर के श्रीराम से दूसरे टेस्ट से पहले पिच के मिजाज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस बारे में कुछ भी कहने से मना कर दिया। खैर हो भी हो भारतीय टीम को अगर सीरीज को बराबरी पर लाना है तो उन्हें यह मैच हर हाल में जीतना होगा। हो सकता है कि प्लेइंग इलेवन में कुछ बदलाब किया जाए क्योंकि हाल ही पूर्व भारतीय कप्तान अजहरुद्दीन ने एक बयान में कहा था कि दूसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और स्पिन गेंदबाज जयंत यादव को बाहर रखना बेहतर होगा।

## भारत फिर बनेगा ओलिंपिक चैंपियन : जगबीर

**नई दिल्ली,** पूर्व ओलिंपियन और अर्जुन पुरस्कार अवार्डी हॉकी खिलाड़ी जगबीर सिंह ने युवा खिलाड़ियों को ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों में सफल होने के लिए देश के लिए हर हालत में पदक जीतने की भावना के साथ खेलने के लिये कहा है। यहां श्याम लाल कॉलेज परिसर में छठे पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियर आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट (पुरुष तथा महिला) के उद्घाटन के मौके पर मंगलवार को पहुंचे जगबीर ने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और लगभग हर प्रदेश से बेहतरीन खिलाड़ी समय समय पर सामने आये हैं और विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है। ओलिंपिक में भारत सिरमौर रह चुका है और इसका कोई कारण नहीं कि भारत एक बार फिर ओलंपिक चैंपियन नहीं बन सकता। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि ओलिंपिक जैसे बड़े आयोजनों में शारीरिक मजबूती के अलावा आपको मानसिक




रूप से काफी दृढ रहना होता है। चाहे जिस प्रांत से भी खिलाड़ी आयें उनका एक मात्र लक्ष्य अपना नाम रौशन करना होता है। यह नाम अपने आप में बहुत अहमियत रखता है और इसीलिये जब आप अपने क्षेत्र ,प्रांत अथवा देश के लिये खेलें ,इस नाम को कभी धूमिल न होने दें। उन्होंने कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत के बाद अपने संबोधन में कहा कि हॉकी एक बड़ा ही खूबसूरत खेल है। मैं आज भी जब मैदान पर युवा बच्चों को हॉकी खेलते देखता हूं तो मेरे अंदर ऊर्जा आ जाती है और एक नए उत्साह का संचार हो जाता है। सभी खिलाड़ियों को हमेशा अपनी क्षमता के अनुरूप आत्मविश्वास से खेलना चाहिये तथा किसी भी सूरत में खेल भावना को नहीं छोडना चाहिए। उन्होंने श्याम लाल कालेज खेल आयोजन समिति की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि कालेज स्तर पर इस तरह के टूर्नामेंट आयोजि करने से इस खेल के विकास में मदद मिलती है। देश में हॉकी पुरानी सफलता की पटरी पर लौट रहा है और जरूरत है कि हम सभी सम्मलित रूप से प्रयास कर इसे जिंदा रखें।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी से आठ मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष तथा महिला वर्गों की 14 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पुरुष वर्ग में आठ तथा महिला वर्ग में छह टीमें भाग लेंगी। मेजबान श्याम लाल कालेज पिछली तीन बार से यहां चैंपियन रह चुका है।

## अनजाने में गुस्साए फैन्स ने अपनी ही टीम बस तोड़ी

**लंदन,** फुटबाल को लेकर दीवानगी और उसे लेकर प्रशंसकों की दंगाई की खबरें आम हैं। ऐसा ही कुछ प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले देखने को मिला लेकिन इसमें दिलचस्प बात यह हुई कि क्रिस्टल पैलेस टीम के समर्थकों ने अनजाने में विपक्षी मिडलबोरो की टीम समझकर अपनी ही पसंदीदा टीम की बस पर हमला कर दिया।

सेलहर्स्ट पार्क के निकट होटल में पार्क कोच पर क्रिस्टल पैलेस के समर्थकों ने यह सोचकर हमला कर दिया कि वह विपक्षी क्लब मिडलबोरो टीम की बस है। ब्रिटिश मीडिया ने इस खबर की पुष्टि की है। यह घटना क्रिस्टल पैलेस एफसी की 1-0 की जीत से पहले हुई जिसके बाद वह रेलिगेशन जोन से बाहर आ गई है। पैलेस एफसी के प्रवक्ता ने इस घटना पर दुख जताते हुये कहा कि हमारी टीम की बस पर क्रिस्टल पैलेस लिखा हुआ था लेकिन प्रशंसकों ने उसे विपक्षी टीम की बस समझकर तोड़ दिया।

क्लब को बाद में बस को इसी हालत में इस्तेमाल भी करना पड़ा। मीडिया के अनुसार पैलेस एफसी के एक अधिकारी डी वाटर्स ने बाद में ट्विटर पर लिखा कि हमारी कोच को प्रशंसकों ने बोरो की कोच समझकर तोड़ दिया और हमें 40 हजार पाउंड का नुकसान झेलना पड़ा। बहुत बढिया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ऑस्कर की 'आफ्टर पार्टी' में प्रियंका



**बॉलीवुड** एक्ट्रैस प्रियंका चोपड़ा हाल ही में हुए 89वें एकेडमी अवॉड्र्स में नजर आई। प्रियंका ने ऑस्कर समारोह में अपनी व्हाइट कलर की ड्रैस से सबको दीवाना बना दिया था। लेकिन प्रियंका ने अवॉड्र्स समारोह के बाद हुई पार्टी में भी अपनी अदा से सबका दिल जीत लिया। बता दें कि इस पार्टी में प्रियंका ब्लैक कलर के गाउन में नजर आई। उन्होंने सोशल साइट इंस्टाग्राम पर आफ्टर पार्टी की कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं।

# आलिया की अजीब डिमांड

**बॉलीवुड** में रहने वाने लोगो की डिमांड भी बड़ी अजीब होती है। आए दिन अजीब बाते करते हैं। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रैस आलिया भट्ट की भी कोई इसी तरह की अजीब डिमांड सामने आई है, जो आजतक किसी ने नहीं की है। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म बद्रीनाथ की दुल्हनिया के परचार-प्रसार में जुटी हुई है। फिल्म होली में यानी 10 मार्च के दिन रिलीज होनी है। ऐसे में जब हमारी मुलाकात आलिया भट्ट से हुई तो कुछ बाते करनी बनती ही थी। हमने जब अलिया भट्ट से ये सवाल पूछा कि, आपने हर तरह के किरदार अब तक निभाएं है, अब आप कौन सी भूमिका निभाना पसंद करेंगी ? इस सवाल पर आलिया भट्ट की जवाब था, एक दिन मैं कॉमेडी एक्ट्रैस बनना चाहती हूं। मैं एक फन्नी पर्सन हूं और मैं उसे स्क्रीन पर लाना चाहती हूं। मैं चाहती हूँ की लोग मुझपर हँसे, माफ कीजिये, मेरे साथ हँसे इतना ही नहीं आलिया भट्ट ने अपने को-स्टार वरुण धवन के एक्टिंग और कॉमेडी की भी बहुत तारीफ की। आलिया के मुताबिक वरुण एक अच्छी कॉमेडी कर लेते है। खुद आलिया ने भी गोविंदा और करिश्मा कपूर की जोड़ी पर परदे पर देखी और एक्टिंग करने का तय किया। इसके अलावा आलिया ने करीना कपूर खान, जूही चावला, माधुरी दीक्षित और श्रीदेवी के कॉमेडी टाइमिंग की भी बहुत तारीफ की।



# 'फुकरे रिटर्न्स' में काम कर खुश हूं: ऋचा चड्ढा



**बॉलीवुड** एक्ट्रैस ऋचा चड्ढा ने फिल्म फुकरे रिटर्न्स की शूटिंग पूरी कर ली है। उनका कहना है कि वह इस फिल्म में काम कर बेहद खुश हैं। ऋचा ने कहा, मैं इस फिल्म में काम कर सम्मानित महसूस कर रही हूं। फिल्म में मेरा नकारात्मक किरदार है, जो बहुत ही प्यारा है। एक महिला की सशक्त भूमिका निभाने के लिए तैयार। यह छोटे से बक्से में फिट होने वाला नहीं है। यह फिल्म 2013 में आई फिल्म फुकरे का सीक्वल है. इसके निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा हैं. फिल्म में अभिनेता अली फजल, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और पुलकित सम्राट मुख्य भूमिकाओं में हैं। फुकरे रिटर्न्स की शूटिंग नई दिल्ली, दक्षिण अफ्रीका और मुंबई में हुई है। फिल्म में ऋचा भोली पंजाबन के किरदार में हैं, जो दिल्ली की गलियों की डॉन है। यह बहुत ही प्यारा और अनोखा किरदार है।